हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 आज से शुरु होंगी बोर्ड की परीक्षाएं



## खबर संक्षेप

### माशिमं द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाएं आज से

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होगी और यह परीक्षा 18 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार हाईस्कूल मुख्य परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 59 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जहां 10वीं के 9235 एवं 12वीं के 6922 कुल 16 हजार 157 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में सतत निगरानी, निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल का गठन भी किया गया है। जो सतत रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

### विक्षोभ के प्रभाव से बढ़ी बादलों की आवाजाही

**अम्बिकापुर।** उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से अब न्यूनतम तापमान में क्रमशः वृद्धि होने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। फरवरी के प्रारम्भ से ही सरगुजा में अच्छी ठंड पड़ रही है तथा पिछले 14 दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे स्थिर है। हालाकि उत्तर भारत में फरवरी में चार पछुआ विक्षोभ भी सक्रिय हुए लेकिन कमजोर होने के कारण इनका प्रभाव सरगुजा तक नहीं पहुंच सका। दो दिन पूर्व उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से गुरूवार को सुबह से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण पूरे दिन सूरज के लुकाछिपी का खेला चलता रहा। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को भी आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम में आए बदलाव के कारण बुधवार को दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई थी तथा अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। गुरूवार को पश्चिमोत्तर की तेज हवाओं के साथ बादलों की आवाजाही होने के कारण अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के राज्यों में ओलावृष्टि एवं मध्यप्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में दिन के तापमान के स्थिर रहने एवं रात के तापमान में धीरे-धीरे रात के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना है।

### बोलेरो की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** झगराखंड अंतर्गत ग्राम बुंदेली निवासी बृजेश आ. रन सिंह (27 वर्ष) कुछ दिन पूर्व पत्नी चंद्रवती के साथ उसके मायके शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। मंगलवार की सुबह घर के सामने टहल रहा था तभी बोलेरो क्रमांक सीजी 16 बी 1616 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




# स्टेट हाइवे को जाम कर की गई आतिशबाजी, मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जाम में फंसकर लोग हुए परेशान, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज किया अपराध

सड़कों पर आवागमन को बाधित कर जन्मदिन मनाने का मामला सामने आया है। सरगुजा और सूरजपुर जिले की सीमा पर स्थित चठिरमा बेरियर के समीप स्थित ढाबा के सामने युवकों ने स्टेट हाईवे को जाम कर जमकर आतिशबाजी की, केक काटकर जश्न मनाया। इस दौरान एक एम्बुलेंस की जाम में फंसी रही जबकि अन्य यात्रियों को भी आधे घंटे से अधिक समय तक जाम का सामना करना पडा। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसके बाद लटोरी चौकी पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

बता दें कि इन दिनों सरगुजा और सूरजपुर जिले के बीच स्थित चठिरमा बेरियर के समीप स्टेट हाइवे को जाम कर आतिशबाजी कर जन्मदिन मनाने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो 16 फरवरी की रात का बताया जा रहा है जहां अंबिकापुर के कुछ युवक चठिरमा बेरियर के समीप बने ढाबा में जन्मदिन की पार्टी मनाने गए हुए थे। इस दौरान युवकों ने होटल में बैठकर जमकर पार्टी की और उसके बाद स्टेट हाइवे पर आग गए। इस दौरान उन्होंने स्टेट हाइवे को जाम कर दिया और जमकर आतिशबाजी की। बड़ी बात यह है कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सडकों पर जन्मदिन मनाने, यातयात बाधित करने के मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसके अब्द भी लोग नियमो की अवहेलना कर अपनी मनमर्जी कर रहे है और आवागमन को बाधित करने का काम कर रहे है। वहीं अब घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जयनगर थाना अंतर्गत लटोरी चौकी पुलिस ने अंबिकापुर निवासी अंशुल अग्रवाल और अमितेश गुप्ता सहित आधा दर्जन युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 एवं 126(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी अरूण गुप्ता ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। वीडियो के आधार पर 5 से 7 युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।





### जाम में फंसी रही एम्बुलेंस

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर क्षेत्र के युवकों ने ढाबे में जन्मदिन का जश्न मनाया इसके बाद वे सड़क पर आ गए और स्टेट हाइवे के दोनों ओर अपने वाहनों को खड़े कर दिया जिससे मार्ग में आवागमन बंद हो गया। इस दौरान स्टेट हाइवे पर वाहनों की कतार लग गई और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पडा। ओग आधे घंटे से अधिक समय तक जाम में फंसे रहे। इतना ही नहीं इस जाम में एक एम्बुलेंस भी फंसी हुई थी लेकिन एंबुलेंस में मरीज थे या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हुई है। । जन्मदिन की पार्टी, आतिशबाजी और जश्न के कारण स्टेट हाइवे पर एक किलोमीटर से भी लंबा जाम दोनों ओर लग गया और लोग परेशान होते रहे। लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक चले हंगामे के बाद युवकों ने मार्ग को खाली किया जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। बड़ी बात यह है की वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया अकाउंट से डिलीट कर दिया गया है लेकिन पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर हाइवे पर जन्मदिन मनाने, आवागमन बाधित करने वालों की पहचान कर रही है।

### चल रही है तलाश

मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गए है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-प्रशांत ठाकुर , एसएसपी सूरजपुर

## 30 मार्च से हवाई सेवा प्रारंभ करने की तैयारी

# एलायंस एयर अम्बिकापुर से दिल्ली तक चलाएगा 72 सीटर हवाई जहाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कलम्बे समय से सरगुजावासी महानगरों से जोड़ने की कर रहे थे मांग

लम्बे समय से महानगरों से हवाई सेवा प्रारंभ करने की बाट जोह रहे सरगुजावासियों की मांग अब पूरी हो ने वाली है। विमानन संचनालय एवं सिविल एविएशन के अधिकारियों की पहल पर एलाइंस एयर ने अम्बिकापुर से दिल्ली तक सप्ताह में दो दिन हवाई जहाज चलाने की स्वीकृति प्रदान की है। सबकुछ अनुकूल रहा तो 30 मार्च से शहरवासियों को दरिमा एयरपोर्ट से दिल्ली तक हवाई सफर करने की सुविधा प्रारंभ हो सकती है।

आवागमन सुविधाओं की दृष्टि से पिछड़े सरगुजा के लोग लम्बे समय से महानगरों से उड़ान सेवा प्रारंभ करने की मांग कर रहे हैं। शहर से उड़ान सेवा को विस्तार करने के उद्देश्य से शासन द्वारा दरिमा में मां महामाया एयरपोर्ट का निर्माण कराने के साथ ही आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई है। जनप्रतिनिधियों की पहल पर शासन द्वारा 19 दिसम्बर 2024 को क्षेत्रीय उड़ान सेवा की शुरूआत भी की गई थी। सुलभ एवं सस्ती उड़ान सेवा के तहत फ्लाई बिग को अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं अम्बिकापुर से रायपुर तक हवाई सफर की शुरूआत भी की गई थी लेकिन जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा एवं फ्लाई बिग की मनमानी के कारण इस सुविधा का लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल सका। हवाई सेवा प्रारंभ होने के साथ ही फ्लाई बिग अग्रिम सूचना दिए बिना कभी भी फ्लाइट निरस्त कर देती थी तो कभी फ्लाइट को दूसरे रूट पर भेज देती थी। फ्लाई बिग ने कभी हवाई सफर को जन उपयोगी बनाने की पहल नहीं की न ही इस संबंध में प्रचार-प्रसार ही की। पिछले साल बरसात शुरू होने के पूर्व ही फ्लाई बिग ने पिछले साल जून से सितम्बर तक फ्लाइट का संचालन बंद रखा। इस बीच कंपनी बार-बार फ्लाइट चलाने का शेड्यूल जारी करती रही। अंततः अक्टूबर में एक सप्ताह तक फ्लाइट चलाने के बाद फ्लाई बिग ने उड़ान सेवा बंद कर दी। फ्लाई बिग ने अंतिम बार दिवाली के दिन फ्लाइट चलाई थी। इस बीच फ्लाई बिग ने यात्रियों से निर्धारित दर से ढाई गुना अधिक तक किराया भी वसूला।


दिल्ली, बनारस, रांची मार्ग पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव
अम्बिकापुर को हवाई सेवा से जोड़ने एयरपोर्ट के अधिकारियों ने शुरू की पहल
अन्य मार्गों के लिए चर्चा

### सप्ताह में दो दिन चलेगी दिल्ली की फ्लाइट

दरिमा एयरपोर्ट से क्षेत्रीय उड़ान सेवा बंद होने के बाद इसकी उपयोगिता को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे। सूत्रों के अनुसार विमानन संचनालय सिविल एविएशन के अधिकारी इस संबंध में स्वयं रूचि लेकर भारत सरकार के स्वामित्व वाली स्वतंत्र एयरलाइन एलाइंस एयर प्रबंधन से लम्बे समय से अम्बिकापुर से विभिन्न राज्यों में फ्लाइट चलाने के संबंध में चर्चा कर रहे थे। लम्बी चर्चा के बाद एलाइंस एयर ने दिल्ली से अम्बिकापुर तक फ्लाइट चलाने की स्वीकृति दे दी है। डीजीसीए ने भी एलाइंस एयर को उड़ान सेवा प्रारंभ करने की अनुमति दे दी है।

### सोमवार व बुधवार को चलेगी फ्लाइट

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार एलाइंस एअर 30 मार्च को दिल्ली से अम्बिकापुर के लिए फ्लाइट की शुरूआत करेगी। सोमवार को दिल्ली से फ्लाइट सुबह 7.50 बजे रवाना होगी तथा 10.50 बजे बिलासपुर उतरेगी फिर अम्बिकापुर सुबह 11.40 बजे पहुंचेगी तथा दोपहर 12.05 बजे अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए रवाना होगी। बुधवार को फ्लाइट सुबह 10.25 बजे दिल्ली से अम्बिकापुर पहुंचेगी तथा 10.50 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगी। एलाइंस एयर द्वारा इस रूट पर 73 सीटर या 80 सीटर प्लेन चलाने की तैयारी की योजना बनाई गई है।

### क्षेत्रीय उड़ान के लिए इंतजार

पूर्व में फ्लाई बिग द्वारा संचालित अम्बिकापुर-बिलासपुर एवं अम्बिकापुर-रायपुर रूट पर फ्लाइट चलाने की जिम्मेदारी फ्लाई हब ने ली है। जिम्मेदारी लेने के बाद फ्लाई हब अभी तक उड़ान सेवा संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा नहीं कर सकी है। लाइसेंस सहित अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना उड़ान सेवा प्रारंभ करना संभव नहीं है। ऐसे में सस्ती एवं सुलभ हवाई सफर के लिए लोगों को अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### सरगुजावासियों को मिलेगा लाभ

सरगुजा में विभिन्न राज्यों के लोग निवासरत हैं। राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण बड़ी संख्या में सरगुजावासी दिल्ली का सफर करते हैं। अम्बिकापुर-दिल्ली हवाई सेवा प्रारंभ होने से सरगुजावासियों को कम समय में दिल्ली तक सफर करने की सुविधा मिलेगी। हवाई सेवा प्रारंभ होने से सरगुजावासियों को काफी लाभ मिलेगा।

-चिंतामणि महाराज
सांसद, सरगुजा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त शराब।

# 104 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ झारखण्ड के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रामचंद्रपुर पुलिस ने की कार्रवाई

अवैध शराब तस्करी के मामले में रामचंद्रपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने झारखंड के दो तस्करों को 104 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर पुलिस को 18 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी की झारखण्ड के गढ़वा चिनिया का अभिमन्यु गुप्ता कार से अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री करने के लिए ग्राम खुरई के रास्ते रामचंद्रपुर आ रहा है। सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस टीम ने रास्ते में घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने सफेद रंग के टाटा टैगोर कार क्रमांक जेएच 03 एवी 3301 को रोककर हाथ देकर रोका गया। इस दौरान पुलिस को देखते ही दो तस्कर भागने लगे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों की पहचान झारखंड के गढ़वा चिनिया अंतर्गत ग्राम ग्राम डोल निवासी 30 वर्षीय अभिमन्यु गुप्ता आ. हरिप्रसाद गुप्ता व सहयोगी 23 वर्षीय प्रभात कुमार गुप्ता आ. अशोक गुप्ता के रूप में की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने वाहन की जांच की। तलाशी के दौरान 8 पेटी ब्लेंडर प्राइस चार पेटी( 186 पाव) रॉयल स्टेज कुल करीब 104 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया जिसकी कीमत 1 लाख 46 हजार 820 व कार कीमत 4 लाख रुपए को जब्त किया गया है। मामले में रामचंद्रपुर पुलिस ने आरोपी अभिमन्यु गुप्ता व प्रभात कुमार गुप्ता को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नशीले कैप्सूल के साथ तीन युवक गिरफ्तार, गए जेल



**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को नशीले प्रतिबंधित कैप्सूल बिक्री करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हाथ लगी। 18 फरवरी को सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त कर रही संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दरिमा क्षेत्र के ग्राम कतकालों बाजार में बाइक सवार नशीले कैप्सूल की सप्लाई करने के फिराक में है। सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश दिया तो एक संदिग्ध बाइक सवार संभागीय आबकारी टीम को देख कर भागने लगा जिसे टीम के सदस्यों ने दौड़ाकर पकड़ा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम मुकेश गुप्ता निवासी करजी थाना दरिमा का होना बताया। जब उसके पास रखे झोले की तलाशी ली तो झोले से 224 नग नशीला कैप्सूल बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। 18 फरवरी की शाम संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने मुखबिर कि सूचना पर सूआरपारा पानी टंकी थाना बतौली के पास बिरिमकेला निवासी राहुल तिग्गा और नितेश चौहान के पास से 472 नग नशीले कैप्सूल बरामद किया। दोनों नशीले कैप्सूल सप्लाई करने के फिराक में थे। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टी ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर आज न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# जिपं सीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिली अधीक्षिका, जताई नाराजगी

**राजपुर।** जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने विकासखंड के पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर एवं कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर में अधीक्षिका अनुपस्थित पाई गईं। उपस्थित गार्ड से पूछताछ करने पर उनके अम्बिकापुर जाने की जानकारी मिली। जिपं सीईओ ने रसोई कक्ष का निरीक्षण कर रसोइयों से भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उस समय आलू-पत्ता गोभी की सब्जी, मसूर दाल एवं चावल बनाया जा रहा था किंतु उपस्थित छात्राओं की संख्या की तुलना में खाद्य सामग्री की मात्रा काफी कम पाई गई। इस पर रसोइयों ने बताया कि अधीक्षिका द्वारा सीमित सामग्री ही उपलब्ध कराई गई थी। इस स्थिति पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि छात्राओं की उपस्थिति के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में भोजन तैयार किया जाए। इसके पश्चात उन्होंने छात्राओं से अध्ययन-अध्यापन, आवासीय व्यवस्था एवं व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। यहां छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। विद्यालय की दीवार पर साप्ताहिक मेन्यू प्रदर्शित नहीं होने पर उन्होंने असंतोष जताते हुए तत्काल मेन्यू तैयार कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत राजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे भी उपस्थित रहे।



## विभाग की लापरवाही से माफियाओं की सक्रियता बढ़ी

# नदियों से हो रहा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

रेत खनन हेतु बनाये गए नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में माफिया धड़ल्ले से रेत का अवैध खनन कर रहे है। नदी नालों से खनन के बाद रेत माफिया प्रशासन के नाक के नीचे से बेखौफ होकर हाइवा जैसी बड़ी गाड़ी में परिवहन कर रहे है। रेत माफियाओं ने मांड नदी का सीना छलनी करने के बाद अब मैनी नदी को अपना नया ठिकाना बनाया है जहां बिना किसी डर भय के जेसीबी मशीन से रेत खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग की निष्क्रियता एवं कार्यवाही के अभाव में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है।



विदित हो कि क्षेत्र में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत खनन हेतु बनाये गए सारे नियम एवं कानून को ताक पर रखकर रेत माफिया रेत खनन कर रहे है।नदी नालों से रेत खनन के बाद उसे हाइवा में भरकर बाहर खपाया जा रहा है। पूर्व में रेत माफिया धरपकड़ एवं कार्रवाई के डर से रात में रेत परिवहन किया करते थे। अब वो दिनदहाड़े अपने मंसूबो को अंजाम दे रहे हैं और बिना किसी डर भय के रेत का परिवहन कर रहे है। मुख्यालय से सटे ग्राम भिठुवा, केसला, मंगरेलगढ़, नावाटोली, प्रतापगढ़, ढेलसरा, काराबेल, महारानीपुर से होकर बहने वाली मांड नदी वर्षों से रेत माफियाओं का ठिकाना बना हुआ है। सालों से नियमो को ताक पर रखकर बिना किसी अनुमति के रेत का अवैध खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र का ऐसा कोई ⏭ शेष पेज 4 पर

### मैनी नदी पर रेत माफियाओं की नजर

सालों से रेत खनन कर मांड नदी का सीना छलनी करने वाले रेत माफियाओं की नजर अब मैनी नदी पर पड़ गई है। रेत माफियाओं ने अब सरगुजा जिले के सीमा से लगे गांव सरगा से होकर बहने वाली मैनी नदी को अपना नया ठिकाना बना लिया है। विगत कई दिनों से यहां जेसीबी मशीन लगाकर रेत का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। खनन करने के बाद रेत माफिया उसे हाइवा वाहन के जरिये जशपुर एवं सरगुजा जिले के अलावा पड़ोसी राज्यों में खपा रहे है। धड़ल्ले से चल रहे रेत के इस अवैध कारोबार में जहाँ रेत माफिया लाल हो रहे है वही इससे सरकार को लाखों रुपए की राजस्व क्षति झेलनी पड़ रही है।

### की जाएगी कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ समय समय पर कार्रवाई की गई है। एक बार फिर से अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

-रामसिंह ठाकुर
एसडीएम



# नरसिंहपुर में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ की गई कार्वाई

- खबर प्रकाशन के बाद पहुंची टीम, ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**राजपुर।** महान नदी के नरसिंहपुर घाट से हो रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। खबर प्रकाशन के बाद राजस्व विभाग की टीम ग्राम पंचायत नरसिंहपुर पहुंची। इस दौरान टीम शिकायतकर्ता सरपंच का बयान दर्ज करने का करती रही लेकिन सरपंच के गांव में उपस्थित नहीं होने कारण बयान दर्ज नहीं हो पाया है। वहीं नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि ग्राम में पुनः अवैध रूप से भंडारित रेत को जब्त किया गया तथा जब्त रेत को ग्राम के उपसरपंच सतीश सिंह को सुपुर्द किया गया है। टीम ने 18 फरवरी को दीपक यादव और सुरेश जायसवाल द्वारा अवैध रूप से संग्रहित रेत को जब्त कर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि नरसिंहपुर घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर राजपुर मुख्यालय होते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**

### निगरानी समिति की बैठक 23 को

**अनूपपुर।** भारत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन संसदीय क्षेत्र शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में 23 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट नर्मदा सभागार अनूपपुर में किया गया है। जानकारी देते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि बैठक में एजेंडा बिंदु विभागों के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### रमजान का महीना शुरु इबादत में जुटे लोग

**बैकुण्ठपुर।** बुधवार को शाम ढलने के बाद चांद का दीदार होने के साथ ही गुरूवार से इस्लामी माह रमजान का आगाज हो गया। इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र माह रमजान को नेकी का महीना भी माना गया है। इस महीने में रोजा रखा जाता है और इस माह में दान पुण्य का विशेष महत्व रहता है। जानकारी के अनुसार रमजान माह में मुस्लिम समाज के लोग प्रतिदिन रोजा रखेंगे। इस माह में बच्चे भी रोजा रखते हैं। रमजान माह में इबादत, रोजा रखने एवं अल्लाह के रहमतों का पवित्र महीना माना जाता है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग सेहरी करके दिनभर रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तार के समय रोजा खोलते हैं। रमजान माह में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर आत्मसंयम, ईमानदारी परोपकार करने के साथ अल्लाह का इबादत करने पर ज्यादा जोर देते हैं।

### 220 बिस्तर सिविल अस्पताल से बदली स्वास्थ्य सेवाएं

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय स्थित गर्वनमेंट सिविल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से उन्नयन कर 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाए जाने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। डॉक्टरों की उपलब्धता, विशेषज्ञ सेवाएं, बेड क्षमता, ऑपरेशन और डायलासिस जैसी सुविधाओं के बढ़ने से क्षेत्रीय मरीजों को अब बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर मिल रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बीते महीनों में चिकित्सा ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ विभागवार सेवाओं का विस्तार किया गया है, जिससे मनेन्द्रगढ़ और आसपास के ग्रामीण अंचल के मरीजों की बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो रही है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी के मुताबिक अस्पताल में वर्तमान में 15 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कार्यरत है। इनमें 3 मेडिकल स्पेशलिस्ट, 2 सर्जन, 2 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 2 एनेस्थीसिया विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं, इसके अतिरिक्त 10 से अधिक एमबीबीएस डॉक्टर भी पदस्थ हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर अस्पताल में सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक भरतपुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर के सभाकक्ष में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं परिणामोन्मुखी बनाना रहा। कार्यशाला में स्वास्थ्य अमले को रोग नियंत्रण, रोकथाम और उपचार से जुड़ी अद्यतन तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। 17 फरवरी को आयोजित सत्र में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू एवं फाइलेरिया की रोकथाम, पहचान एवं उपचार पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती एवं जिला मलेरिया कंसलटेंट संजीत सिंह ने लक्षणों की शीघ्र पहचान, समयबद्ध जांच, दवाओं के समुचित उपयोग तथा फील्ड स्तर पर आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और त्वरित उपचार से इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। 18 फरवरी को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित किया गया।

## 5 हजार से ज्यादा विद्यार्थी होंगे शामिल, कोरिया में 25 केन्द्र

# आज से शुरु होंगी बोर्ड की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग माशिमं रायपुर द्वारा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी को जिलेभर में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी, जबकि 10 बोर्ड की परीक्षा 21 फरवरी को आयोजित होगी। जिले में बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बार बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी के तीसरे सप्ताह से ही शुरू हो रही है, जबकि इसके पूर्व के वर्षों में उक्त बोर्ड की परीक्षा मार्च महीने के शुरूआत के साथ ही शुरू होती थी।

■ शिक्षा विभाग की तैयारी पूर्ण

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्री बोर्ड की परीक्षा भी संपन्न कराई गई है। कोरिया कलेक्टर के मार्गदर्शन में बीते वर्ष कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के नतीजे बेहतर रहा और इस वर्ष भी कोरिया जिले को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मिशन के तहत बोर्ड के विद्यार्थियों की तैयारियां कराई गई है। 20 फरवरी से शुरू होने वाले बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करने की व्यापक तैयारी है साथ ही बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दलों का भी गठन किया गया है।



### इस बार 5 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में कुल 5 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं बोर्ड में कुल 2682 तथा 12 वीं बोर्ड में कुल 2937 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस तरह कोरिया जिले में दोनों बोर्ड परीक्षाओं में कुल 5619 विद्यार्थी पंजीकृत है।

### दो दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्र

कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार 25 केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश विभाग के अधिकारी द्वारा दिए गए हैं। कोरिया जिले में सोनहत जनपद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बोर्डके परीक्षार्थियों को कई किमी दूरी तय कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचते हैं, इससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विषय शिक्षक नहीं करेंगे ड्यूटी

जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा में जिस दिन जिस विषय का पेपर निर्धारित है, उस दिन संबंधित विषय शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केन्द्र में नहीं लगाई जाने के निर्देश उच्च कार्यालय द्वारा दिए गए हैं और न ही उस दिन संबंधित विषय शिक्षक की ड्यूटी उड़नदस्ता दल में भी नहीं लगाई जाएगी।

### 12 वीं की बोर्ड परीक्षा आज से प्रारंभ

**सोनहत।** विकासखंड स्तर पर 12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होगीं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खंड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष परीक्षा के लिए हायर सेकेंडरी विद्यालय सोनहत, रामगढ़, कटगोड़ी तथा लोयोला स्कूल भैंसवार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों में पंजीकृत छात्र-छात्राएं निर्धारित समय पर परीक्षा देंगे। परीक्षा को सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभाग स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। केन्द्रों में कक्ष व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की तैयारी सुनिश्चित की गई है। विभागीय अधिकारियों ने परीक्षार्थियों से समय पर केन्द्र पहुंचने और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# ओवरऑल चैंपियन बना बैकुंठपुर क्षेत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में 16-17 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय अंतरक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 2025-26 में बैकुंठपुर क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ निजी कंपनियों की टीमों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार प्रदान करने की दक्षता को सुदृढ़ करना रहा। प्रतिभागियों ने स्ट्रेचर ड्रिल, टर्न आउट, मार्चपास्ट ड्रिल तथा सैद्धांतिक और प्रयोगात्मक मूल्यांकन के माध्यम से अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरंची दास निदेशक मानव संसाधन मुख्यालय बिलासपुर रहे, जबकि अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक अरूण कुमार त्यागी ने की। प्रतियोगिता में बैकुंठपुर क्षेत्र की टीम ए ने ओवरऑल विनर का खिताब जीता। टीम के कप्तान निलेश अवधिया तथा सदस्य मयंक पटेल, नितेश शाह, शंभू कहार और संदीप उरांव रहे। वहीं स्ट्रेचर ड्रिल में

■ एसईसीएल अंतरक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता

बैकुंठपुर क्षेत्र की टीम बी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम बी के कप्तान कुमार अमिया आनंद तथा सदस्य प्रवीण खलखो, वसीम फिरोज, सिमोन टोप्पो और चंद्रशेखर महतो ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। बैकुंठपुर क्षेत्र की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यानाकर्षित किया। टीम की कप्तान प्रिया खाखा एवं सदस्य अंजनी कुमारी, किरण मिंज, कविता किस्पोट्टा और पूजा की सक्रिय भागीदारी आयोजन का विशेष आकर्षण रही। इस सफलता के पीछे टीम मैनेजर डॉ. अनुराग सिंह यादव एवं टीम कोच योगेन्द्र मिश्रा का विशेष योगदान रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा ने महाप्रबंधक कार्यालय में महिला प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी टीम सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी वीएस परिहार, रीजनल हॉस्पिटल की सीएमओ डॉ. एस मिंज, स्टाफ ऑफिसर ई एंड एमबीबी दास, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक गौरव दुबे, विकास शंकर ओझा, सुशील कुमार सिंह, अतुल गुप्ता, राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्री झा ने कहा कि प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता केवल एक स्पर्धा नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। बैकुंठपुर क्षेत्र की टीमों ने अनुशासन, समर्पण और दक्षता का परिचय देते हुए पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# 70 करोड़ की लागत से 104 कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दो दिवसीय कोरिया जिला प्रवास के दौरान जिलेवासियों को विकास की ऐतिहासिक सौगात प्रदान की।

उन्होंने 70 करोड़ रूपए से अधिक की लागत वाले करीब 104 निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 85 करोड़ 54 लाख से अधिक के 40 कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास कर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया। उन्होंने करीब 156 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत सोनहत जलाशय, रजौली बांध और तामडाड़ जलाशय सहित कई जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं सुधार कार्यों का उद्घाटन किया। सोनहत जलाशय में स्लूस और सीसी चौनल निर्माण पर 344.62 लाख रूपए, रजौली बांध में 291.52 लाख रूपए और तामडाड़ जलाशय योजना में मिट्टी एवं लाइनिंग कार्य पर 298.92 लाख रूपए व्यय किए गए हैं, इसके साथ ही सारा, हथवर, बड़ेसाल्ही, सांवला और मुड़ीझरिया जलाशयों के मरम्मत कार्य भी पूर्ण किए गए, जिससे सिंचाई क्षमता में विस्तार होगा और हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए। उन्होंने सरभोका, सावरावां, उमझर, सरडी और घुघरा में निर्मित महतारी सदनों का लोकार्पण किया, जिनमें से प्रत्येक की लागत 24.70 लाख रूपए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और मनरेगा के अभिसरण से संपन्न हुए 15 नए आंगनबाड़ी भवनों, ग्राम ओड़गी के झुमका पर्यटन स्थल पर 26.67 लाख रूपए की लागत से ओपन थिएटर, रामगढ़ में मिनी स्टेडियम (38.57 लाख रूपए) और पिपरा में हाई मास्क लाइट की स्थापना का भी लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रिकॉर्ड 54 सोलर आधारित और एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं का लोकार्पण किया। आनंदपुर (118.78 लाख), डकईपारा (99.1 लाख) और खैरी (87.31 लाख) सहित कई बड़ी जल योजनाएं पूर्ण हुई हैं, जिनसे सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हर घर तक सुनिश्चित होगी। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी को भी विशेष मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने बैकुंठपुर में नवनिर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन (121.16 लाख रूपए) का लोकार्पण किया, जबकि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में 30 बिस्तरीय पेडिएट्रिक वार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लोक निर्माण विभाग (सेतु) द्वारा गेज और हसदेव नदियों पर लगभग 1118 लाख रूपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी पूर्ण किया गया, जिससे आवागमन और परिवहन व्यवस्था अत्यंत सुगम होगी। आदिवासी विकास विभाग द्वारा तंजारा में 152.97 लाख रूपए की लागत से प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास का निर्माण भी जिले के विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा प्रदान करेगा। पर्यटन विकास की दृष्टि से जिला खनिज संस्थान न्यास के सहयोग से पोड़ी, घुनघुट्टा जलाशय क्षेत्र में 198.88 लाख रूपए की लागत से ट्री हाउस, रेस्टोरेंट और अन्य पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया गया है, जिससे स्थानीय रोजगार एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड, नाली निर्माण और एलईडी स्ट्रीट लाइट स्थापना जैसे कार्यों का लोकार्पण किया गया है, इससे शहरी सुविधाएं अब ग्रामीण अंचलों तक पहुँच रही हैं।

# श्मशान घाट मुरमीकरण कार्य में गड़बड़ी के आरोप



**सोनहत।** विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरा में विधायक मद से स्वीकृत श्मशान घाट मुरमीकरण कार्य में अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार विधायक मद से 5 लाख 25 हजार रूपए की स्वीकृत राशि से श्मशान घाट तक मुरूम बिछाने का कार्य किया जाना था। आरोप है कि निर्धारित मानक के अनुरूप मुरूम नहीं बिछाई गई, बल्कि समीप के खेत की मिट्टी डालकर केवल 2 से 3 इंच की परत बिछा दी गई। ऊपर से थोड़ी मात्रा में मुरूम डालकर कार्य पूरा दिखा दिया गया। इससे सड़क की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं। सूचना बोर्ड को लेकर भी ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। बताया जा रहा है कि इस कार्य के लिए अलग से सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया, बल्कि किसी अन्य निर्माण कार्य के सूचना बोर्ड के पीछे इस मुरमीकरण कार्य की जानकारी अंकित कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही बोर्ड का उपयोग दो कार्यों के लिए कर राशि बचाने का प्रयास किया गया। मामले में आरईएस की एसडीओ नंदनी दुबे ने बताया कि उन्हें शिकायत की जानकारी मिली है। निरीक्षण के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली अंतर्गत मुख्य मार्ग किनारे संचालित एक निजी फाईनेंस कार्यालय में बीते रात्रि चोरी की घटना घटित हुई।

■ जांच में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस

मिली जानकारी के अनुसार 18 फरवरी की रात्रि सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत छिन्दडॉड़ मुख्य मार्ग किनारे संचालित श्रीराम फाईनेंस कार्यालय के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात के द्वारा नगद राशि चोरी कर भागने में सफल रहे।



जानकारी के अनुसार चोरी गई नगद धनराशि कलेक्शन का बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व इसी क्षेत्र में एक शिक्षक के सूने घर में अज्ञात के द्वारा घर का ताला तोड़कर लाखों रूपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं कुछ माह पूर्व शहर के मुख्य मार्ग किनारे संचालित टीव्हीएस शो रूम में भी चोरी की घटना हुई थी, इन दोनों मामलों के आरोपियों का अब तक पता नहीं चल पाया, अब एक और ताजा मामला मुख्य मार्ग किनारे चोरी की घटना की है, जो पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना चुनौती बन गई।

### शिविर में 114 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए

**अनूपपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत परिवहन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बालिकाओं और महिलाओं के लिए निःशुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना है।

**सूखे पेड़ को काटा गया...**




**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका की टीम ने शहर के भट्ठीपारा मुख्य सड़क मार्ग पर सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखकर सूखे पेड़ को काटकर सड़क पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित की।

## रोजाना जाम से प्रभावित होते हैं राहगीर, समस्या का नहीं निकल रहा समाधान

# अतिक्रमण के कारण शहर की ट्रैफिक प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने आमजन का जीवन दूभर कर दिया है। भगत सिंह तिराहा से लेकर जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक, विवेकानंद चौक, गांधी चौक तथा झगराखाण्ड रोड तक अवैध ठेले, अस्थायी दुकानें, पक्के-अपक्के निर्माण और सड़कों पर फैला सामान यातायात में बाधा बन रहा है।

पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं, वहीं दुपहिया और चार पहिया वाहनों को जाम से जूझना पड़ रहा है। सुबह-शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी और बाजार आने-जाने वाले नागरिक कई बार जाम में फंस जाते हैं। कई



जगहों पर सड़क का आधा हिस्सा अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है, जिससे आमने-सामने से आने वाले वाहनों के बीच टकराव की आशंका बनी रहती है। एम्बुलेंस और दमकल जैसे आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता निकालना चुनौती बन गया है। स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। जैन मंदिर चौक और फुहारा चौक जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अव्यवस्थित ठेलों और दुकानों से पैदल यात्रियों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। विवेकानंद चौक और गांधी चौक पर बेतरतीब पार्किंग और अस्थायी निर्माणों ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। झगराखाण्ड रोड पर स्थिति अलग नहीं है। यहां सड़क किनारे फैले अतिक्रमण से भारी वाहनों का आवागमन बाधित होता है, जिससे आसपास के मोहल्लों में धूल-धक्कड़ और शोर बढ़ गया है। रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया। कभी-कभार अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या से बेखबर या उदासीन नजर आ रहा है। नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं।

### पनिका समाज का सम्मेलन प्रेमाबाग में



**बैकुण्ठपुर।** पनिका समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन बैकुंठपुर प्रेमाबाग में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मप्रकाश परेवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश पंत के उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पनिका समाज को आदिवासी का आरक्षण जो समाप्त किया गया है उसे पुनः बहाल कराए जाने पर सामूहिक रूप से विचार विमर्श किया गया। पनिका साकत समाज को संपूर्ण छग में संगठित करने पर विचार-विमर्श किया गया तथा पनिका साकत समाज छग के पंजीयन क्रमांक 6428 के तहत संपूर्ण छग में ग्राम ईकाई से लेकर प्रदेश स्तर तक समिति का चयन करने पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में कोरिया जिले में चल रहे समाजिक गतिविधियों पर विशेष विचार-विमर्श किया गया, साथ ही इस विषय पर सम्मेलन में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा अपने-अपने उद्बोधन में विचार व्यक्त किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों के द्वारा एवं कोरिया जिले के वरिष्ठजन के द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आज पनिका (साकत) समाज के कोरिया जिलाध्यक्ष का चयन किया जाए।

## खबर संक्षेप



### पार्वती इंस्टीट्यूट में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में बुधवार को संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों के प्रतिनिधियों के साथ उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीएड प्रशिक्षार्थियों के शाला अवलोकन एवं शाला अभ्यास कार्यक्रम से संबंधित द्विवर्षीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम के विभिन्न उद्देश्यों एवं योजनाओं को विस्तार से बताया गया। साथ ही शाला अभ्यास एवं शाला अवलोकन को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए गए। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्यों ने अपने सुझाव दिए। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छविरानी मंडल सहित सभी अध्यापक उपस्थित थे।

### ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने तहसील का चक्कर लगा रहा वृद्ध

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी 75 वर्षीय गफ्फार खान अपनी 20 डिसमिल जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार के



लिए पिछले छह वर्षों से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी के कारण वे अपनी ही जमीन का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मो. हासिम खान आ. खलील खान का आरोप है कि भूमि का नाम आज तक ऑनलाइन बी-1, खसरा एवं नक्शा में दर्ज नहीं किया गया है। इसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकरणों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भूमि को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए उन्होंने आवेदन भी प्रस्तुत किया है, लेकिन अब तक सुधार नहीं हो सका है। वे पिछले छह वर्षों से राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस बीच उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हो गई, जिनके उपचार में अब तक लगभग 10 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और आगे भी करीब 20 लाख रुपये की आवश्यकता बताई जा रही है। आर्थिक संकट के चलते वे अपनी जमीन बेचना चाहते हैं, परंतु ऑनलाइन रिकॉर्ड में नाम गलत दर्ज होने के कारण बिक्री संभव नहीं हो पा रहा है।

## पेज 1 के शेष...

### नदियों से दिनदहाड़े हो रहा...

नाला नहीं बचा है जहां रेत खनन न हो रहा हो। प्रशासनिक उदासीनता एवं खनिज विभाग की निष्क्रियता से रेत के लिए सालों से मांड नदी का दोहन किया जा रहा है। जिसकी वजह से मांड नदी के अस्तित्व पर संकट के बादल छाने लगे है। क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी का स्वरूप बदलने लगा है जो भविष्य के लिए काफी घातक साबित हो सकता है। जगह जगह अवैध खनन की वजह से जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए है जो बरसात के दिनों मे हादसे का कारण बन सकते है। इसके अलावा बेतरतीब खोदाई से नदी का भूजल स्तर तेजी से कम होता जा रहा है जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है। समय रहते मांड नदी में होने वाले अवैध रेत खनन पर रोक नही लगाई गई तो इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को एक दिन भुगतना पड़ सकता है।यह सब जानते हुए भी प्रशासनिक अमला एवं खनिज विभाग इनके विरुद्ध कार्यवाही के बजाए हाथ पर हाथ धरे बैठी है।जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।आक्रोशित लोगों ने नदी से रेत के अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है ताकि मांड नदी का भविष्य सुरक्षित हो सके।

### नरसिंहपुर में अवैध रेत उत्खनन...

शंकरगढ़ और धौरपुर की ओर परिवहन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठोस कार्रवाई नहीं होने से रेत तस्करों के हौसले बुलंद हैं। उपसरपंच सतीश सिंह ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। इससे पंचायत को राजस्व की हानि हो रही है तथा भारी वाहनों के आवागमन से विशेष पिछड़ी जनजाति के ग्रामीणों में भय का वातावरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध उत्खनन नहीं रुका तो ग्रामवासी आंदोलन करेंगे।

## लगाई गई आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी

# 525 लोगों को सरगुजा पुलिस ने लौटाया गुम हुआ मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद करने और उनके असल मालिकों को वापस करने के लिए शुरू किए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने पिछले पांच महीनों में अभियान चलाकर 525 नग मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद किए गए मोबाइल फोन को पुलिस ने उनके मालिकों के सुपुर्द किया। इस दौरान पुलिस ने अपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को नए कानून की अवधारणा से भी अवगत कराया।

**खास बात**
- नियमों का पालन करने किया आह्वान

बता दें कि एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने गुम, चोरी हुए मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को वापस लौटाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में साइबर सेल व थाना व चौकी पुलिस की टीम ने पिछले पांच महीनों के भीतर 525 गुम मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद किए गए फोन की कीमत लगभग 1 करोड़ रूपए आंकी गई है। इसके पूर्व भी पुलिस ने अगस्त 2025 मे 60 नग गुमे हुए मोबाइल वापस को बरामद कर मोबाइल धारको को वापस सौपा गया था। गुरुवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने बरामद किए गए मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को प्रदान किया। इस दौरान एसएसपी व डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि थोड़ी से असजगता, लापरवाही एवं भूल से मोबाइल गुम हो जाता है, मोबाइल आज़ के समय मे व्यक्ति की सबसे उपयोगी वस्तु है, नागरिकों द्वारा अपने मोबाइल गुमने की रिपोर्ट की जाती है, जिसे पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मोबाइल को ट्रेस कर मोबाइल धारक को पुनः वापस करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाती है, अधिकतर मामलो मे पुलिस को सफलता प्राप्त होती है, जिससे नागरिकों मे संतुष्टि का भाव दिखता है। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा ने नागरिकों को भीड़ भाड़ वाले इलाकों मे सब्जी बाजारो मे शर्ट के सामने पॉकेट मे मोबाइल रखने पर एहतियात बरतने की जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम में नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी कर नागरिकों को नए क़ानून की अवधारणा से अवगत कराया गया। 1 जुलाई 2024 से प्रभावी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) पर केंद्रित प्रदर्शनी, औपनिवेशिक कानूनों के स्थान पर आधुनिक, तकनीकी-आधारित और न्याय-उन्मुख कानूनी ढांचे को दर्शाया गया, नए कानूनों मे फोरेंसिक जांच, ई-एफआईआर, महिलाओं/बच्चों के खिलाफ अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जानकारी प्रदान की गई, उक्त नए क़ानून का उद्देश्य दंड से न्याय की ओर जाना बताया गया।

इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल, थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, उनि अभय तिवारी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक अनुज जायसवाल, अमनपुरी, अशोक यादव, अमित विश्वकर्मा, रमेश राजवाड़े, सत्येंद्र दुबे, रामशंकर यादव, सुशील मिंज सक्रिय रहे।



लोगों को गुम मोबाइल देते एसएसपी व अन्य।

### नागरिकों से एसएसपी ने किया आह्वान

कार्यक्रम के दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने आम जनता से आह्वान किया कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने मोबाइल फोन का विशेष ध्यान रखें और अगर फोन गुम हो जाए तो पुलिस को सूचित कर, रिपोर्ट दर्ज करवाएं, इसके पश्चात भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर लॉगिन कर गुम मोबाइल की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से दर्ज करें। वहीं कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया गया। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा ने उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का आह्वान किया।



# योजनाओं से प्रत्येक पात्र जन को जोड़ना हमारा दायित्व : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जनपद के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई।

- जनपद सभाकक्ष में हुई दिशा समिति की बैठक, सांसद ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सांसद ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार्य नहीं की जाएगी। सांसद ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं पहुंचाई जाएं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं लेकिन इनका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर इन्हें धरातल पर उतारें। शिक्षा, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राशन भंडारण एवं वितरण सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद श्री महाराज ने अधिकारियों को वीबी जी राम जी के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते, जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी वैभव बैंकर, डीएफओ आलोक बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आरएन पाण्डेय, समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुम्दा बस्ती स्थित ग्रामीण के घर हुए धान चोरी के मामले में प्रार्थी के बेटे समेत दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम कुमदा बस्ती में धान चोरी की वारदात में शामिल प्रार्थी के पुत्र समेत एक अन्य युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुमदा बस्ती निवासी 60 वर्षीय प्रार्थी रामविलास राजवाड़े ने थाना बिश्रामपुर पहुंचकर अपने घर से धान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए), 112 (2) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

धान की चोरी की तलाश में जुटी पुलिस को मुखबिर से अहम सूचना मिली,सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दो युवकों को हिरासत में लिया,पूछताछ के दौरान जब सख्ती दिखाई गई तो दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली,पकड़े गये आरोपियों में से एक आरोपी खुद प्रार्थी ग्रामीण का पुत्र निकला,पुलिस ने मामले में आरोपी 22 वर्षीय मुन्ना पैकरा पिता झंदरू निवासी फोकटपारा शिवनंदनपुर के अलावा प्रार्थी के पुत्र 30 वर्षीय दिगंबर राजवाड़े को गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए आठ बोरा धान, पल्सर मोटरसाइकिल व सब्बल को जब्त कर लिया है। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी दिगंबर राजवाड़े नशेड़ी किस्म का युवक है,जो नशे की लत की पूर्ति हेतु अपने साथी मुन्ना पैकरा के साथ मिलकर खुद अपने ही घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

दोनों आरोपियों ने पहले घर की गतिविधियों पर नजर रखी और मौका पाकर धान की बोरियां निकाल लीं,वारदात को अंजाम देने के लिए पल्सर मोटरसाइकिल का इस्तेमाल किया गया।



### विश्व हिन्दू परिसर के विभाग कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन

**अंबिकापुर।** गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के अवसर पर के सोनपुर चौंक पर आबंटित भूमि पर विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) के विभाग कार्यालय का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान परिषद के जिला अध्यक्ष विनीत गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में भुमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें विभाग मंत्री रामेन्द्र शुक्ला एवं परिषद के जिला उपाध्यक्ष नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के पार्षद डॉ शिवमंगल सिंह ने धार्मिक वातावरण में बाबा सिया राम गिरी के वैदिक मंत्रों से पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक की अंकित दास, लक्ष्मीनारायण सिंह, विनय दास विजय केशरी, जिला सह संयोजक मोनू साहू, महेन्द्र राजवाड़े, संघ से अजय साहू मौजूद थे।

# डीजे को धीमी आवाज़ में बजाने थाना प्रभारी ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वर्तमान में सीबीएसई, आईसीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं,इसी बीच शादी-विवाह के मौसम में डीजे साउंड सिस्टम और ढोल-नगाड़ों की तेज ध्वनि से छात्रों को पढ़ाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,इसे देखते हुए बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने नगरवासियों से डीजे कम साउंड में बजाने की अपील की है।

- नियमों के उल्लंघन करने पर होगी कार्वाई

थाना प्रभारी ने कहा है कि रात 10 बजे के बाद तेज ध्वनि में डीजे बजाना प्रतिबंधित है,उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि यदि रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे बजते पाए जाने पर डीजे संचालक एवं कार्यक्रम आयोजक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का समय है और तेज ध्वनि विद्यार्थियों की पढ़ाई को प्रभावित करती है, जिसका सीधा असर उनके परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है,इसके अलावा डीजे की अत्यधिक आवाज बीमार व्यक्तियों, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है,थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि सामाजिक कार्यक्रमों में नियमों का पालन करते हुए ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें, अन्यथा पुलिस को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# पर्यटन मंत्री ने किया 259 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम केवरा, जमगला, पुहपुटरा, निम्हा, लहपटरा, खैरबार, केशवपुर, रामपुर एवं सुखरी के धान उपार्जन केन्द्रों में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सुविधा और समृद्धि के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इन धान उपार्जन केन्द्रों में बाउंड्री वाल निर्माण, कवर्ड प्लेटफार्म निर्माण तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

- धान उपार्जन केन्द्रों में आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी

इन सभी कार्यों पर कुल 259.68 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले और उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी हो। धान उपार्जन केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से किसानों को सुरक्षित भंडारण, सुगम परिवहन और व्यवस्थित व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इससे उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता आएगी, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री का पूरा लाभ मिल सकेगा। प्रदेश में किसान हित सर्वोपरि है। धान उपार्जन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि गांवों में ही बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से धान खरीदी व्यवस्था और अधिक सुचारू होगी, जिससे किसानों को अनावश्यक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार ने धान खरीदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ले जाकर रजिस्ट्रेशन और भुगतान प्रक्रिया को तेज किया है। सरगुजा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़क, भंडारण और बिजली सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। पिछले वर्षों में राज्य सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाओं और जैविक खेती प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। इन पहलों से किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य साकार हो रहा है।

लखनपुर विकासखंड के इन ग्रामों में होने वाले कार्य पूर्ण होने पर न केवल उपार्जन केंद्र आधुनिक बनेंगे, बल्कि स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने पर केशव को मेयर ने दिया एक लाख का चेक

**अंबिकापुर।** नगर निगम सरकार द्वारा मेधावी छात्र द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा सफलता पूर्वक पास करने पर एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले केशव गर्ग को चेक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

- महापौर निधि से प्रदान की गई राशि, छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की गई थी घोषणा

बता दें कि नगर निगम की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा सफलता पूर्वक पास करने पर छात्र-छात्राओं को एक लाख रूपए का चेक प्रदान करने की घोषणा की गई थी। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर निगम के महापौर कक्ष में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा महापौर सम्मान निधि से संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर को गौरवान्वित करने वाले मेधावी छात्र अग्रसेन वार्ड चंदगी राम टावर निवासी केशव गर्ग आ. विनोद गर्ग 1 लाख रूपए का चेक प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई। महापौर की घोषणा अनुसार शहर के मेघावी ऐसे जो संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर को गौरव प्रदान करने वाले युवाओं को महापौर सम्मान निधि से एक लाख की राशि भेंट कर प्रोत्साहित की जाएगी जिससे प्रोत्साहित होकर अन्य युवा भी देश के सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल होकर नगर एवं प्रदेश को गौरव प्रदान करेंगे। इस योजना अंतर्गत पूर्व में भी नगर के मेघावी छात्रा बौरीपारा निवासी सुश्री प्राची जायसवाल आ. मोहन जायसवाल एवं खरसिया रोड कुंडला सिटी निवासी छात्र नीरज कुमार गोयल आ. विजय गोयल को भी एक-एक लाख की राशि भेंट कर प्रोत्साहित किया जा चुका है। इस अवसर पर महापौर परिसर के सदस्य मनीष सिंह, जितेंद्र सोनी, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, विपिन पांडेय, शशिकांत जायसवाल, सुशांत घोष, पार्षद मनोज गुप्ता, विकास पांडेय, पपिंदर सिंह, सचिव सुश्री सरिता गुप्ता सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



स्वामी जी
93406-38884



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411